मिथक यह है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का आरम्भ ए.ओ. ह्यूम और अन्य द्वारा, ऐसे आधिकारिक निदेश, मार्गदर्शन और सलाह के अधीन किया गया जो वायसराय लार्ड डफरिन से कमतर किसी व्यक्ति की नहीं थी, ताकि एक सुरक्षित, सौम्य, शांतिपूर्ण और संवैधानिक निकास या सुरक्षा वाल्व, जन-समूह के बीच उठते हुए उस असंतोष के लिए प्रदान किया जा सके जो कि अपरिहार्य रूप से एक लोकप्रिय और हिंसक क्रान्ति की ओर बढ़ रहा था। परिणामतः, उसकी क्रान्तिकारी संभाव्यता को आरंभ में ही दबा दिया गया। अधिकांश लेखक मिथक के इस मर्म को स्वीकार करते हैं कि एक हिंसक क्रान्ति उस समय होने ही वाली थी और उसका परिहार केवल कांग्रेस के संस्थापन से हुआ, .......... वे सभी इससे सहमत हैं कि कांग्रेस के जन्म की रीति ने इसके आधारभूत चरित्र और भावी कार्य को निर्णायक तरीके से प्रभावित किया।

88. औपनिवेशिक शासक, सुरक्षा-वाल्व स्थापना के अनुसार, कांग्रेस को निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग करने का प्रयास कर रहे थे ?

(a) प्राधिकारियों के विरुद्ध जन-असंतोष के लिए एक संवैधानिक निकास के रूप में

(b) भारत में ब्रिटिश संस्कृति के प्रसार के एक उपकरण के रूप में

(c) ब्रिटिश उद्योगों के उत्पादों के लिए भारतीय बाज़ार के विस्तार के एक उपकरण के रूप में

(d) भारत में सामाजिक परिवर्तन के एक अभिकरण के रूप में

89. The author describes the safety-valve thesis as a myth because :

(a) evidence are insufficient to establish the validity of the thesis.

(b) the author has concluded that in the light of available materials the thesis does not hold ground.

(c) the congress was a nationalist organization right from the start.

(d) the violent anti-colonial movements did not come to an end with the foundation of the congress.

90. The core of the safety-valve thesis rests on the assumption that :

(a) a violent anti-colonial revolution was bound to occur unless a constitutional platform like the congress was founded.

(b) the congress would assist the British in administering the colony.

(c) the congress leaders would constitute the colonial elite.

(d) the congress as a party would assist the colonial rulers to implement political and social reforms.

91. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* *(Grassland)* | *List II* *(Country)* |
|---|---|
| A. Pampas | 1. Venezuela |
| B. Veld | 2. Australia |
| C. Downs | 3. South Africa |
| D. Llanos | 4. Argentina |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

92. Consider the following statements :

1. In India, the largest concentration of roads is found in the northern plains
2. The ratio of surfaced road to the total road length is lower in the northern plains

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

93. Which one of the following does ***not*** characterize the Himalayas ?

(a) Various parallel ranges of the Himalayas form a convex arc

(b) There exist syntaxial bends at both the terminals of the Himalayas

(c) Indus, Sutlej and Brahmaputra rivers are examples of antecedent drainage

(d) The Himalayas are wider in the east than in the west

94. Which among the following statements provides the best evidence that a river is flowing through a rift valley ?

(a) The Chambal valley is marked by bad land topography

(b) River Tapi does not have Delta but Estuary only

(c) River Mahanadi flows through a gorge at Satkosia

(d) River Colorado has the Grand Canyon along its valley



(Contd.)

89. लेखक सुरक्षा-वाल्व स्थापना को एक मिथक के रूप में वर्णित करता है क्योंकि :

(a) इस स्थापना की प्रामाण्यता को स्थापित करने के लिए प्रमाण अपर्याप्त हैं

(b) लेखक का यह निष्कर्ष है कि उपलब्ध सामग्री के प्रकाश में इस स्थापना का कोई आधार नहीं बनता

(c) प्रारम्भ से ही कांग्रेस एक राष्ट्रवादी संगठन था

(d) कांग्रेस की संस्थापना के साथ ही हिंसक उपनिवेश-विरोधी आन्दोलनों का अन्त नहीं हुआ

90. सुरक्षा-वाल्व स्थापना का मर्म इस पूर्व-धारणा पर आधारित है कि :

(a) जब तक कांग्रेस जैसे एक संवैधानिक मंच की संस्थापना नहीं होती, तब तक एक हिंसक उपनिवेश-विरोधी क्रान्ति होनी अवश्यम्भावी थी

(b) उपनिवेश को प्रशासित करने में कांग्रेस ब्रिटिश की सहायता करती

(c) कांग्रेस के नेतागण एक औपनिवेशिक विशिष्ट-वर्ग का निर्माण करते

(d) एक दल के रूप में, कांग्रेस औपनिवेशिक शासकों को राजनीतिक और सामाजिक सुधार कार्यान्वित करने में सहायक होती

91. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* *(घास भूमि)* | *सूची II* *(देश)* |
|---|---|
| A. पम्पास | 1. वेनेजुएला |
| B. वेल्ड | 2. आस्ट्रेलिया |
| C. डाउन्स | 3. दक्षिण अफ्रीका |
| D. लानोस | 4. अर्जेन्टीना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में, सड़कों का वृहत्तम संकेन्द्रण उत्तरी मैदानों में मिलता है।

2. कुल सड़क लंबाई से आपृष्ठित सड़क का अनुपात उत्तरी मैदानों में कम है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

93. निम्नलिखित में से कौन-सी, हिमालय की विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) हिमालय की विभिन्न समांतर श्रेणियाँ उत्तल चाप का निर्माण करती हैं

(b) हिमालय के दोनों सिरों पर अक्षसंधीय मोड़ विद्यमान हैं

(c) सिंधु, सतलज और ब्रह्मपुत्र नदियाँ पूर्ववर्ती अपवाह का उदाहरण हैं

(d) हिमालय, पश्चिम की तुलना में पूर्व में अधिक चौड़ा है

94. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी नदी की रिफ्ट घाटी से होकर प्रवाहित होने का सर्वोत्तम साक्ष्य प्रस्तुत करता है ?

(a) चंबल घाटी निकृष्ट भूमि स्थलाकृति से सुस्पष्ट है

(b) तापी नदी में डेल्टा नहीं है, बल्कि केवल ज्वारनदमुख है


(c) महानदी नदी सतकोसिआ पर एक महाखड्ड से होकर बहती है

(d) कोलोराडो नदी में इसकी घाटी के साथ-साथ ग्रैंड कैनियन है



(Contd.)

95. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :




| List I (Places indicated in the map) | List II (Seismic zone) |
|---|---|
| A. 1 | 1. Zone V |
| B. 2 | 2. Zone IV |
| C. 3 | 3. Zone III |
| D. 4 | 4. Zone II |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

96. Arrange the following Military Training Institutes in India in terms of their geographical location from North to South :

1. Indian Military Academy
2. Officers' Training Academy
3. National Defence Academy
4. National Defence College
5. College of Defence Management

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 3, 5, 4, 2
(b) 1, 4, 3, 5, 2
(c) 4, 5, 3, 2, 1
(d) 3, 4, 1, 2, 5

97. Which among the following statements characterized El Nino ?

1. It occurs at irregular intervals
2. It carries warmer water
3. It carries less saline water
4. Its atmospheric equivalent is southern oscillation

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

98. Consider the following statements regarding Andaman and Nicobar Islands :

1. It enjoys equatorial climate
2. This is the only place in India where a volcano is located
3. This is the only place in India where coral bed is found

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1 only

99. Which of the following has/have been declared as national waterways in India ?

1. The Allahabad-Haldia stretch of river Ganga
2. The Sadiya-Dhubri stretch of river Brahmaputra
3. The Cherla-Rajamundry stretch of river Godavari


Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1, 2 and 3



(Contd.)

95. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :




| *सूची I (मानचित्र में इंगित स्थान)* | *सूची II (भूकंपी ज़ोन)* |
|---|---|
| A. 1 | 1. ज़ोन V |
| B. 2 | 2. ज़ोन IV |
| C. 3 | 3. ज़ोन III |
| D. 4 | 4. ज़ोन II |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

96. भारत में निम्नलिखित सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों को उत्तर से दक्षिण की ओर उनके भौगोलिक अवस्थान के क्रम में लगाइए :

1. इंडियन मिलिटरी एकेडमी
2. ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी
3. नेशनल डिफेन्स एकेडमी
4. नेशनल डिफेन्स कॉलेज
5. कॉलेज ऑफ डिफेन्स मैनेजमेंट

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 3, 5, 4, 2
(b) 1, 4, 3, 5, 2
(c) 4, 5, 3, 2, 1
(d) 3, 4, 1, 2, 5

97. निम्नलिखित में से कौन-से कथन एल नीनो की विशेषता बताते हैं ?

1. यह अव्यवस्थित अंतरालों पर होता है।
2. यह अपेक्षाकृत अधिक कोष्ण जल का वहन करता है।
3. यह कम लवण जल का वहन करता है।
4. इसका वायुमंडलीय तुल्य दक्षिणी दोलन है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

98. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसकी विषुवतीय जलवायु है।
2. भारत में यह एकमात्र स्थान है जहाँ ज्वालामुखी अवस्थित है।
3. भारत में यह एकमात्र स्थान है जहाँ प्रवाल संस्तर पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1

99. निम्नलिखित में कौन-सा/से भारत में राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित है/हैं ?

1. गंगा नदी का इलाहाबाद-हल्दिया विस्तार
2. ब्रह्मपुत्र नदी का सादिया-धुब्री विस्तार
3. गोदावरी नदी का चेर्ला-राजमुन्द्री विस्तार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3



(Contd.)

100. Consider the following statements :

1. In a cyclone, the direction of wind flow is counter clockwise in the northern hemisphere
2. The tropical cyclone fades away when it reaches land because there is no large supply of warm moist air

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

101. Which among the following statements about the North Atlantic Drift is/are correct ?

1. It keeps the west coast of Northern Europe ice free
2. It is responsible for the warm air mass which interacts with the cold air mass from the Polar region and causes rainfall in Western Europe
3. It meets the Labrador current near Vancouver Island and causes dense fog

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 only
(d) 1 and 3 only

102. Which one among the following explains the earthquakes of the eastern margins of Asia ?

(a) Subduction of Pacific plate under Asiatic plate
(b) Subduction of African plate below European plate
(c) Subduction of Indian plate under Asiatic plate
(d) Subduction of American plate under the Pacific plate

103. Unlike other Meridians International Date Line is drawn zigzag in order to :

(a) permit certain land areas and groups of islands to have the same calendar day
(b) facilitate the sailors to adjust time in their watch
(c) adjust the day in calendar while sailing from east to west and vice versa
(d) make 180°E and 180°W coterminous

104. The time difference between the two cities, city A (30' N 60' E) and city B(30' N 80' E) would be :

(a) 80 minutes
(b) 0 minute
(c) 20 minutes
(d) 34 minutes



(Contd.)

100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चक्रवात में, उत्तरी गोलार्ध में, पवन-प्रवाह की दिशा प्रति-दक्षिणावर्त है।
2. उष्ण कटिबंधीय चक्रवात भूमि पर पहुँचने पर क्षीण हो जाता है, क्योंकि कोष्ण नम वायु की वृहद् मात्रा में पूर्ति नहीं होती।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

101. उत्तरी अटलान्टिक अपवाह के संबंध में निम्नलिखित कथनों में कौन सा/से सही है/हैं ?

1. यह उत्तरी यूरोप के पश्चिमी तट को हिम रहित रखता है।
2. यह उस कोष्ण वायु संहति का जिम्मेवार है जो ध्रुवीय क्षेत्र की शीतल वायु संहति से अन्योन्यक्रिया कर पश्चिमी यूरोप में वर्षापात कराता है।
3. यह वैन्कूवर द्वीप के समीप लैब्रडार धारा से मिलता है और घना कोहरा बनाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2

(d) केवल 1 और 3

102. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, एशिया के पूर्वी सीमान्तों में होने वाले भूकंपों का कारण बताता है ?

(a) एशियाई प्लेट के नीचे पैसिफिक प्लेट का अवगमन (Subduction)

(b) यूरोपीय प्लेट के नीचे अफ्रीकी प्लेट का अवगमन

(c) एशियाई प्लेट के नीचे इण्डियन प्लेट का अवगमन

(d) पैसिफिक प्लेट के नीचे अमेरिकी प्लेट का अवगमन

103. दूसरी याम्योत्तर रेखाओं के विपरीत अंतर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा टेढ़ी-मेढ़ी बनाई जाती है ताकि :

(a) कुछ भूमि क्षेत्रों एवं द्वीप समूहों को उसी कैलेण्डर दिवस में रखा जा सके

(b) नाविकों के लिए अपनी घड़ी का समय समंजित करने को सुकर बनाया जा सके

(c) पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व की ओर जलयात्रा करने वाले नाविक, कैलेण्डर में दिवस का समंजन कर सकें

(d) 180°E और 180°W को सहावसानी बनाया जा सके

104. दो शहरों, शहर A (30' N 60' E) और शहर B (30' N 80' E), के बीच कालान्तर :

(a) 80 मिनट होगा

(b) 0 मिनट होगा

(c) 20 मिनट होगा

(d) 34 मिनट होगा

105. Consider the following statements :

1. The tropical year is shorter than the sidereal year
2. The solar day is longer than the sidereal day

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

106. Consider the following statements about rocks :

1. Shale becomes Slate through metamorphosis
2. Shale is converted to Slate when it is subjected to tremendous pressure and high temperature

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

107. Which of the following statements is/are correct ?

1. Mumbai receives more rainfall than Pune because it is located at the windward side of Western Ghats
2. Vidarbha region experiences semi-arid climate as it is located in a rain shadow region
3. In India monsoon reaches Kashmir valley at the last

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1 only

108. Which of the following statements regarding south-west monsoon in India is/are correct ?

1. Monsoon reaches the Malabar coast first
2. Rajasthan does not get rainfall from south west monsoon
3. South-west monsoon retreats when the permanent wind belts start shifting to the south

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) 1 and 3 only

105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उष्णकटिबंधीय वर्ष नाक्षत्र वर्ष से छोटा होता है।
2. सौर दिवस नाक्षत्र दिवस से लंबा होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

106. शैलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शेल कायांतरण द्वारा स्लेट बन जाता है।
2. शेल को जब जबर्दस्त दाब और उच्च ताप से प्रभावित कराया जाता है तो वह स्लेट में परिवर्तित हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

107. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. मुम्बई में पुणे से अधिक वर्षा होती है, क्योंकि वह पश्चिमी घाटों के पवनाभिमुख अवस्थित है।
2. विदर्भ क्षेत्र में अर्धशुष्क वातावरण होता है, क्योंकि वह वृष्टि छाया क्षेत्र में अवस्थित है।
3. भारत में मानसून कश्मीर घाटी में अंत में पहुँचता है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

108. भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. मानसून सर्वप्रथम मालाबार तट में पहुँचता है।
2. दक्षिण-पश्चिम मानसून से राजस्थान में वर्षा नहीं होती।
3. जब स्थायी पवन कटिबंध दक्षिण की ओर स्थानान्तरित होना शुरू करते हैं तो दक्षिण-पश्चिम मानसून निवर्तित हो जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 3

109. Which one of the following is the correct sequence of the four stages of water movement in a hydrological cycle ?

(a) Evaporation–Condensation–Precipitation–Infiltration

(b) Evaporation–Precipitation–Condensation–Infiltration

(c) Infiltration–Evaporation–Condensation–Precipitation

(d) Condensation–Precipitation–Evaporation–Infiltration

110. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List I (Agents of erosion)* | *List II (Topographical feature)* |
|---|---|
| A. Running water | 1. Cirque |
| B. Glacier | 2. Barchan |
| C. Wind | 3. Rift Valley |
| D. Underground water | 4. Doline |
| | 5. Gorge |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

111. Which among the following are the properties of good paint ?

1. The paint should be opaque and have high covering power
2. The solid particles in paint should reflect much of the destructive light to ensure long life of the paint
3. Combination of pigments, e.g., white lead and $TiO_2$ give better result
4. Addition of plasticiser destroy the elasticity of the film and leads to cracking

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

112. By which one among the following mechanism, soap removes dirt (soil) from cloth ?

(a) Soap dissolves the soil as such

(b) Soap reacts with soil and converts them into soluble silicates

(c) Soap takes away the oily part of the soil and thus separates the soil from the cloth

(d) The soap molecules bind with the soil, lift the soil and keep it suspended which can then be rinsed away



(Contd.)

109. जलीय चक्र में जल संचलन की चार दशाओं का सही अनुक्रम निम्नलिखित में कौन-सा है ?

(a) वाष्पन–द्रवण–वर्षण–अंत:स्यंदन

(b) वाष्पन–वर्षण–द्रवण–अंत:स्यंदन

(c) अंत:स्यंदन–वाष्पन–द्रवण–वर्षण

(d) द्रवण–वर्षण–वाष्पन–अंत:स्यंदन

110. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* *(अपरदन-कारक)* | *सूची II* *(स्थलाकृतिक लक्षण)* |
|---|---|
| A. प्रवाही जल | 1. सर्क |
| B. हिमनद | 2. बरकान |
| C. पवन | 3. रिफ्ट घाटी |
| D. भौम जल | 4. डॉलाइन |
| | 5. गॉर्ज |

कूट :

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 5 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

111. निम्नलिखित में से कौन से, अच्छे पेन्ट के गुणधर्म हैं ?

1. पेन्ट अपारदर्शी होना चाहिए और उसकी उच्च आच्छादन शक्ति होनी चाहिए।
2. पेन्ट की लम्बी आयु को सुनिश्चित करने के लिए, पेन्ट के ठोस कणों से अधिक से अधिक विनाशी प्रकाश परावर्तित होना चाहिए।
3. वर्णकों का संयोजन, उदाहरणार्थ सफेद सीसा और $TiO_2$ अपेक्षाकृत अच्छा परिणाम देते हैं।
4. सुघट्यताकारी के योग से फिल्म की प्रत्यास्थता नष्ट हो जाती है जिससे भंजन होता है।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

112. निम्नलिखित में से किस एक क्रियाविधि द्वारा, साबुन कपड़ों से गंदगी दूर करता है ?

(a) साबुन गंदगी को अपने में घोल लेता है

(b) साबुन गंदगी से अभिक्रिया कर उन्हें विलेय सिलिकेट में परिवर्तित कर देता है

(c) साबुन गंदगी के तैलीय भाग को निकाल देता है जिससे कपड़े से गंदगी अलग हो जाती है

(d) साबुन के अणु गंदगी से बँध कर उसे उठा लेते हैं और निलम्बित रखते हैं जो खंगाल कर हटाई जा सकती है

113. Which one among the following statements is ***not*** correct about graphite ?

(a) It is the most stable allotrope of carbon

(b) It is an electrically conducting material

(c) Crystalline spherical beads of graphite have very good lubricating property under dry conditions

(d) It is the highest grade of coal

114. Which one among the following is ***not*** a property of salt ?

(a) Salts have ordered packing arrangements called lattices

(b) Salts have low melting points but high boiling points

(c) Salts are brittle

(d) Salts conduct electricity when dissolved in water or even in the molten state

115. Which among the following statements with regard to pH scale is/are correct ?

1. It is a logarithmic scale
2. The scale is limited to 0—14 because the ionic product of water is about $10^{-14}$
3. The lower the value of pH the greater is the acidity of the solution

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 2 only

116. An oxidizing agent is a substance which :

(a) increases the oxidation number of an element in a given substance

(b) decreases the oxidation number of an element in a given substance

(c) is oxidized itself in an oxidation-reduction reaction

(d) loses electrons in an oxidation-reduction reaction

117. Neutral water with pH about 7 becomes slightly acidic when aerated. This is because :

(a) oxygen from air is dissolved in the water which makes the water acidic

(b) dirt, which get contaminated with the water during aeration makes the water acidic

(c) ultraviolet radiation dissociates water molecules and makes water acidic

(d) carbon-dioxide from air is dissolved

118. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Diesel burns with air in a diesel engine at a high temperature at which nitrogen and oxygen from air can combine whereas petrol burns at a lower temperature at which nitrogen and oxygen can not combine

(b) Diesel contains some nitrogenous compounds whereas petrol does not

(c) Nitrogen from air is easily dissolved in diesel but it is not soluble in petrol

(d) A catalyst is used in diesel engines which contains nitrogen whereas petrol engines do not need such catalysts



(Contd.)

113. ग्रेफाइट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह कार्बन का स्थिरतम अपररूप है

(b) यह विद्युत-चालक पदार्थ है

(c) शुष्क दशाओं में ग्रेफाइट के क्रिस्टलीय गोलीय मणिकाओं में अच्छा स्नेहक गुणधर्म होता है

(d) यह कोयले की उच्चतम कोटि है

114. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, लवण का गुणधर्म ***नहीं*** हैं ?

(a) लवणों में क्रमित संकुलन विन्यास होते हैं जिन्हें जालक कहते हैं

(b) लवणों के गलनांक निम्न, किन्तु क्वथनांक उच्च होते हैं

(c) लवण भंगुर होते हैं

(d) पानी में विलीन होने पर अथवा गलित अवस्था में भी लवण विद्युत चालक हो जाते हैं

115. pH स्केल से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह एक लघुगणकीय स्केल है।
2. स्केल 0—14 तक सीमित है, क्योंकि पानी का आयनी गुणनफल लगभग $10^{-14}$ है।
3. pH का मान जितना कम होगा विलयन की अम्लता उतनी ज्यादा होगी।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 2

116. ऑक्सीकारक एक पदार्थ है, जो :

(a) एक दिये गये पदार्थ में मूलतत्व के ऑक्सीकरण अंक को बढ़ाता है

(b) एक दिये गये पदार्थ में मूलतत्व के ऑक्सीकरण अंक को घटाता है

(c) एक उपापचयन अभिक्रिया में खुद ऑक्सीकृत हो जाता है

(d) एक उपापचयन अभिक्रिया में इलेक्ट्रॉन खो देता है

117. लगभग 7 के pH का उदासीन जल, वायु मिश्रण करने पर हल्का सा अम्लीय हो जाता है। इसका कारण है कि :

(a) वायु में से ऑक्सीजन जल में घुल जाती है जो कि जल को अम्लीय बना देती है

(b) गंदगी, जो कि वायु मिश्रण के दौरान जल के साथ सम्मिश्रित हो जाती है, जल को अम्लीय बना देती है

(c) पराबैंगनी विकिरण जल के अणुओं को वियोजित कर देता है, जोकि जल को अम्लीय बना देता है

(d) वायु में से कार्बन डाइऑक्साइड घुल जाती है

118. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) डीजल इंजन में डीजल वायु के साथ उच्च तापमान पर ज्वलित होता है जिस पर वायु में से नाइट्रोजन और ऑक्सीजन संयोजित हो सकते हैं, जबकि पेट्रोल निम्न तापमान पर ज्वलित होता है जिस पर नाइट्रोजन और ऑक्सीजन संयोजित नहीं हो सकते

(b) डीजल में कुछ नाइट्रोजनी यौगिक होते हैं जबकि पेट्रोल में नहीं होते

(c) वायु में से नाइट्रोजन आसानी से डीजल में घुल जाती है लेकिन पेट्रोल में यह विलेय नहीं है

(d) डीजल इंजनों में एक उत्प्रेरक का प्रयोग किया जाता है जिसमें नाइट्रोजन होता है, जबकि पेट्रोल इंजनों में इस प्रकार के उत्प्रेरकों की आवश्यकता नहीं होती

119. Consider the following statements with regard to the properties of water :

1. Water is a good solvent for ionic compound but poor solvent for covalent compound
2. Water is a good solvent for covalent compound but poor solvent for ionic compound
3. Water has maximum density at the temperature 277 K

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

120. Calcium carbonate is naturally available as limestone and can also be synthesized from quick lime. It is seen that the composition of the elements in both the natural and synthetic calcium carbonate are same. The validity of which one among the following laws is confirmed by this observation ?

(a) Law of conservation of mass

(b) Law of definite proportion

(c) Law of multiple proportion

(d) Avogadro's law

121. When aqueous solutions of two salts are mixed, the third salt formed may appear as a solid precipitates or a clear solution depending upon the solubility of its ions. It is observed that all salts of Na, K, $NH_4$ are soluble. All nitrates and bicarbonates are also soluble. All halides (chlorides, bromides, iodides) are soluble except those of Ag, Hg (I) and Pb. All sulphates are soluble except those of Ag, Ca, Ba and Pb. Which one among the following combinations of solutions will produce a solid precipitate ?

(a) Sodium sulphate and barium chloride

(b) Magnesium sulphate and barium bicarbonate

(c) Lithium iodide and barium chloride

(d) Ammonium sulphate and potassium bromide

122. A mixture containing $SiO_2$, NaCl and $NH_4Cl$ is taken for separating the constituents. The suitable steps required for this are :

(a) Sublimation-dissolution-filtration-crystallization

(b) Dissolution-filtration-crystallization-distillation

(c) Sublimation-evaporation-dissolution-decomposition

(d) Dissolution-distillation-decomposition-evaporation

119. जल के गुणधर्मों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जल आयनी यौगिक का श्रेष्ठ विलायक है लेकिन सहसंयोजक यौगिक का हीन विलायक है।
2. जल सहसंयोजक यौगिक का श्रेष्ठ विलायक है लेकिन आयनी यौगिक का हीन विलायक है।
3. जल का अधिकतम घनत्व 277 K के तापमान पर होता है।

ऊपर दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

120. कैल्सियम कॉर्बोनेट चूना पत्थर के रूप में प्राकृतिक रूप में उपलब्ध है और उसे बिना बुझे चूने से भी संश्लेषित किया जा सकता है। यह देखा गया है कि प्राकृतिक और संश्लेषित कैल्सियम कॉर्बोनेट के मूलतत्वों का संयोजन एकसमान होता है। इस प्रेक्षण से निम्नलिखित में से किस एक नियम की वैधता की पुष्टि होती है ?

(a) संहति-संरक्षण नियम

(b) स्थिर अनुपात का नियम

(c) गुणित अनुपात का नियम

(d) आवोगाद्रो का नियम

121. जब दो लवणों के जलीय घोल मिश्रित किये जाते हैं, तो उसके आयनों की विलेयता के आधार पर, ठोस अवक्षेप या स्वच्छ घोल के रूप में तीसरा लवण बन सकता है। यह देखा गया है कि Na, K, $NH_4$ के सभी लवण विलेय हैं। सभी नाइट्रेट और बाइ-कॉर्बोनेट भी विलेय हैं। Ag, Hg (I) और Pb के हैलाइडों के अलावा सभी हैलाइड (क्लोराइड, ब्रोमाइड, आयोडाइड) विलेय हैं। Ag, Ca, Ba और Pb के सल्फेटों के अलावा बाकी सभी सल्फेट विलेय हैं। घोलों के निम्नलिखित संयोजनों में से कौन-सा एक, ठोस अवक्षेप उत्पादित करेगा ?

(a) सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड

(b) मैग्नीशियम सल्फेट और बेरियम बाइ-कार्बोनेट

(c) लिथियम आयोडाइड और बेरियम क्लोराइड

(d) अमोनियम सल्फेट और पोटैशियम ब्रोमाइड

122. $SiO_2$, NaCl और $NH_4Cl$ का एक मिश्रण उन घटकों का पृथक्करण करने के लिए लिया जाता है। उसके लिए आवश्यक उपयुक्त चरण हैं :

(a) ऊर्ध्वपातन-विलयन-निस्यंदन-क्रिस्टलन

(b) विलयन-निस्यंदन-क्रिस्टलन-आसवन

(c) ऊर्ध्वपातन-वाष्पन-विलयन-अपघटन

(d) विलयन-आसवन-अपघटन-वाष्पन



(Contd.)

123. Iodized salt is a :

(a) mixture of potassium iodide and common salt

(b) mixture of molecular iodine and common salt

(c) compound formed by combination of potassium iodide and common salt

(d) compound formed by combination of molecular iodine and common salt

124. Which one among the following is a chemical process ?

(a) Distillation of sea (salty) water

(b) Crystallization of impure salt (NaCl)

(c) Production of iodine ($I_2$) from sea-weeds

(d) Sublimation of iodine ($I_2$)

125. Which one among the following statements regarding the properties of mixtures and compounds is ***not*** correct ?


(a) A mixture shows the properties of its constituents but the properties of a compound are entirely different from its constituents

(b) A mixture may be homogeneous or heterogeneous but a compound is a homogeneous substance

(c) The constituents of a mixture can be separated by physical methods but those of a compound can not be separated by physical method

(d) Energy is either absorbed or evolved during the preparation of a mixture but not in the preparation of a compound

126.




Which one of the following characteristics of the particle does the shaded area of the velocity-time graph shown above represent ?

(a) Momentum

(b) Acceleration

(c) Distance covered

(d) Speed

127. A body is at rest on the surface of the earth. Which one among the following statements is correct regarding this ?

(a) No force is acting on the body

(b) Only weight of the body acts on it

(c) Net downward force is equal to the net upward force

(d) None of the above statements is correct

128. A pendulum beats faster than a standard pendulum. In order to bring it to the standard beat, the length of the pendulum is to be :

(a) reduced

(b) increased

(c) reduced and the mass of the bob increased

(d) reduced and also the mass of the bob reduced

123. आयोडीनयुक्त लवण :

(a) पोटैशियम आयोडाइड और साधारण नमक का मिश्रण है

(b) आण्विक आयोडीन और साधारण नमक का मिश्रण है

(c) पोटैशियम आयोडाइड और साधारण नमक के संयोजन से बना मिश्र है

(d) आण्विक आयोडीन और साधारण नमक के संयोजन से बना मिश्र है

124. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रासायनिक प्रक्रम है ?

(a) समुद्री (लवणीय) जल का आसवन

(b) अशुद्ध लवण (NaCl) का क्रिस्टलन

(c) समुद्री शैवाल से आयोडीन ($I_2$) का उत्पादन

(d) आयोडीन ($I_2$) का ऊर्ध्वपातन

125. मिश्रणों और यौगिकों के गुणधर्मों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक, सही ***नहीं*** है ?


(a) मिश्रण अपने घटकों के गुणधर्मों को दर्शाता है, लेकिन यौगिक के गुणधर्म उसके घटकों के गुणधर्मों से सम्पूर्णत: भिन्न होते हैं

(b) मिश्रण समांग या विषमांग हो सकता है, लेकिन यौगिक समांग पदार्थ होता है

(c) मिश्रण के घटक भौतिक विधियों से अलग किए जा सकते हैं, लेकिन यौगिक के घटक भौतिक विधियों से अलग नहीं किए जा सकते

(d) मिश्रण के विरचन में ऊर्जा का अवशोषण या निकास होता है, लेकिन यौगिक के विरचन में नहीं

126.




ऊपर दर्शाये गये वेग-काल ग्राफ का छायित क्षेत्रफल, कण के निम्नलिखित अभिलक्षणों में से किस एक को निरूपित करता है ?

(a) संवेग

(b) त्वरण

(c) आवृत दूरी

(d) चाल

127. एक पिण्ड पृथ्वी के धरातल पर विराम अवस्था में है। उसके संबंध में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक सही है ?

(a) पिण्ड पर कोई बल क्रियाशील नहीं है

(b) पिण्ड का भार मात्र उस पर क्रियाशील है

(c) निवल अधोमुखी बल, निवल उपरिमुख बल के बराबर है

(d) उपर्युक्त कथनों में कोई भी सही नहीं है

128. एक लोलक, मानक लोलक से तीव्र गति से विस्पंदन करता है। अगर उसे मानक विस्पंदन तक लाना हो, तो उसकी लम्बाई :


(a) कम की जानी है

(b) बढ़ाई जानी है

(c) कम की जानी है और गोलक का द्रव्यमान बढ़ाया जाना है

(d) कम की जानी है और गोलक का द्रव्यमान घटाया जाना है

129.




Two identical blocks of ice, A and B, float in water as shown in the figure given above. Which one among the following statements in this regard is correct ?

(a) Block A displaces a greater volume of water since the pressure acts on a smaller bottom area
(b) Block A displaces a greater volume of water since its submerged end is lower in the water
(c) Block B displaces a greater volume of water since its submerged end has a greater area in water
(d) The two blocks displace equal volumes of water since they have the same specific gravity and same mass

130. When a ship floats on water :

(a) it displaces no water
(b) the mass of water displaced is equal to the mass of the ship
(c) the mass of water displaced is lesser than the mass of the ship
(d) the mass of water displaced is greater than the mass of the ship

131. Sound moves with higher velocity if :

(a) pressure of the medium is decreased
(b) temperature of the medium is increased
(c) humidity of the medium is increased
(d) both (b) and (c) above

132. Which one of the following is the correct angle between the incident and reflected rays when a ray of light incident normally on a plane mirror ?

(a) 180°
(b) 90°
(c) 45°
(d) 0°

133. Which one of the following four glass lenses is a diverging lens ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

134. Magnetism of a bar magnet can be destroyed if it is :

1. kept in the magnetic meridian.
2. placed in a direction opposite that of the Earth's horizontal intensity.
3. heated to a temperature known as Curie temperature.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

135. Capacity of a parallel plate condenser can be doubled by :

1. doubling the areas of the plates
2. doubling the distance of separation between the plates
3. reducing the distance of separation between the plates to half the original separation
4. doubling both the areas of the plates and the distance of separation between the plates


Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4
(b) 1 and 3
(c) 3 only
(d) 2 and 3



(Contd.)

129.




बर्फ के दो सर्वसम खंड A और B, ऊपर दिये गये चित्र में दर्शाये अनुसार पानी में तैर रहे हैं। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है ?

(a) खंड A अपेक्षाकृत अधिक आयतन का पानी विस्थापित करेगा क्योंकि दाब अपेक्षाकृत कम अधस्तल क्षेत्र पर कार्य करता है
(b) खंड A अपेक्षाकृत अधिक आयतन का पानी विस्थापित करेगा क्योंकि उसका डूबा हुआ छोर पानी में अपेक्षाकृत नीचे है
(c) खंड B अपेक्षाकृत अधिक आयतन का पानी विस्थापित करेगा क्योंकि पानी में उसके डूबे हुए छोर का क्षेत्रफल अपेक्षाकृत ज्यादा है
(d) दोनों खंड बराबर आयतन का पानी विस्थापित करेंगे क्योंकि दोनों के समान विशिष्ट घनत्व और समान द्रव्यमान हैं

130. जब जहाज पानी पर तैरता है, तो :
(a) वह पानी विस्थापित नहीं करता
(b) विस्थापित पानी का द्रव्यमान जहाज के द्रव्यमान के बराबर होता है
(c) विस्थापित पानी का द्रव्यमान जहाज के द्रव्यमान से कम होता है
(d) विस्थापित पानी का द्रव्यमान जहाज के द्रव्यमान से अधिक होता है

131. ध्वनि अपेक्षाकृत अधिक वेग से चलती है, जब :
(a) माध्यम के दाब में कमी की जाती है
(b) माध्यम के तापमान में वृद्धि की जाती है
(c) माध्यम की नमी में वृद्धि की जाती है
(d) ऊपर के (b) और (c) दोनों

132. जब प्रकाश-किरण समतल दर्पण पर लंबवत् आपतित होती है, तो आपतित और परावर्तित किरणों के बीच का सही कोण निम्नलिखित में से कौन-सा एक है ?
(a) 180°
(b) 90°
(c) 45°
(d) 0°

133. नीचे दिये गये काँच के चार लेन्सों में कौन सा एक, अपसारी लेन्स है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

134. एक दंड चुंबक का चुम्बकत्व नष्ट किया जा सकता है, यदि :
1. उसे चुंबकीय याम्योत्तर में रख दिया जाय।
2. उसे पृथ्वी की क्षैतिज तीव्रता के विपरीत दिशा में रखा जाय।
3. उसे क्यूरी ताप नामक तापमान तक तप्त किया जाय।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

135. समांतर पट्टिका संधारित्र की क्षमता दुगुनी की जा सकती है, यदि :
1. उसकी प्लेटों का क्षेत्रफल दुगुना कर दिया जाय।
2. उसकी प्लेटों के बीच पृथक्करण की दूरी दुगुनी कर दी जाय।
3. उसकी प्लेटों के बीच पृथक्करण की दूरी मूल पृथक्करण की आधी कर दी जाय।
4. उसकी प्लेटों के क्षेत्रफल और उनके बीच पृथक्करण की दूरी, दोनों को दुगुना कर दिया जाय।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) 1 और 4
(b) 1 और 3
(c) केवल 3
(d) 2 और 3



(Contd.)

136. If two conducting spheres are separately charged and then brought in contact :

(a) the total energy of the two spheres is conserved

(b) the total charge on the spheres is conserved

(c) both the total energy and charge are conserved

(d) the final potential is always the mean of the original potential of the two spheres

137. Two pieces of metallic wire having equal length and equal volume placed in air have different resistances. The two wires must :

(a) have different cross sections

(b) have different temperatures

(c) be of different materials

(d) be of same density

138. If a heater coil is cut into two equal parts and only one part is used in the heater, the heat generated will be :

(a) doubled

(b) four times

(c) one-fourth

(d) halved

139. The direction of magnetic field at a point due to an infinitely long wire carrying current is :

(a) parallel to the current

(b) antiparallel to the current

(c) along the perpendicular drawn from a point on the wire

(d) perpendicular to the plane containing the conductor and the point

140. A hollow metal ball carrying an electric charge produces no electric field at points :

(a) outside the sphere

(b) on its surface

(c) inside the sphere

(d) only at the centre

141. A man is sitting on a rotating stool with his arms outstretched. If suddenly he folds his arm the angular velocity of the man would :

(a) increase

(b) decrease

(c) become zero

(d) remain constant

142. For a particle revolving in a circular path, the acceleration of the particle is :


(a) along the tangent

(b) along the radius

(c) zero

(d) along the circumference of the circle

143.




A circus performer of mass M is walking along a wire as shown in the figure given above. The tension T in the wire is : (g = acceleration due to gravity)

(a) approximately Mg

(b) less than Mg

(c) more than Mg

(d) depends on whether the performer stands on one or two feet



(Contd.)

136. यदि दो चालक गोलों को अलग-अलग चार्ज किया जाता है और तब संपर्क में लाया जाता है, तो :

(a) दोनों गोलों की संपूर्ण ऊर्जा संरक्षित रहती है

(b) दोनों गोलों का संपूर्ण आवेश संरक्षित रहता है

(c) संपूर्ण ऊर्जा और आवेश दोनों संरक्षित रहते हैं

(d) दोनों गोलों का अन्तिम विभव हमेशा उन दोनों के प्रारंभिक विभवों का माध्य होगा

137. वायु में रखे गये समान लंबाई और समान आयतन के, धातु के तार के दो टुकड़ों के प्रतिरोध भिन्न हैं। दोनों तारों के :

(a) अनुप्रस्थ काट भिन्न हैं

(b) तापमान भिन्न हैं

(c) पदार्थ भिन्न हैं

(d) घनत्व समान हैं

138. एक तापक कुंडली को दो समान हिस्सों में काटकर, सिर्फ एक हिस्से को तापक में इस्तेमाल किया जाता है। तब उत्पन्न ऊष्मा :

(a) दुगुनी हो जायेगी

(b) चार गुनी हो जायेगी

(c) एक-चौथाई हो जायेगी

(d) आधी हो जायेगी

139. अनंततः लंबे तार के, जिसमें धारा बह रही है, किसी बिन्दु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा :

(a) धारा के समान्तर होगी

(b) धारा के प्रतिसमान्तर होगी

(c) तार के किसी बिन्दु से खींची गई लंब रेखा के अनुदिश होगी

(d) चालक और बिन्दु वाले समतल के लंब में होगी

140. खोखली धातु की बॉल, जिसमें विद्युत आवेश है, किन बिन्दुओं पर विद्युत क्षेत्र उत्पादित नहीं करती ?

(a) जो गोले के बाहर हैं

(b) जो उसके पृष्ठ पर हैं

(c) जो गोले के अंदर हैं

(d) जो केवल केन्द्र पर हैं

141. एक व्यक्ति अपनी बाँहें बाहर की ओर फैलाये, घूर्णन करते हुए स्टूल पर बैठा है। अगर वह अचानक अपनी बाँहों को मोड़ लेता है, तो व्यक्ति का कोणीय वेग :

(a) बढ़ जायेगा

(b) घट जायेगा

(c) शून्य हो जायेगा

(d) स्थिर रहेगा

142. वृत्तीय पथ में परिक्रमण करते हुए कण का त्वरण :


(a) स्पर्शरेखा के अनुदिश होता है

(b) त्रिज्या के अनुदिश होता है

(c) शून्य होता है

(d) वृत्त की परिधि के अनुदिश होता है

143.




द्रव्यमान M का सर्कस कलाकार ऊपर दिये गये चित्र में दिखाए अनुसार एक तार के अनुदिश चल रहा है। तार में तनन T (g = गुरुत्वीय त्वरण) कितना है ?

(a) लगभग Mg


(b) Mg से कम

(c) Mg से अधिक

(d) इस पर निर्भर है कि कलाकार एक पैर पर खड़ा है या दो पैरों पर



(Contd.)

144. 


A heavy ball is suspended as shown in the figure given above. A quick jerk on the lower string will break that string but a slow pull on the lower string will break the upper string. The first result occurs because :

(a) the force is too small to move the ball

(b) air friction holds the ball back

(c) of action and reaction

(d) the ball has inertia

145. The visible light has a wavelength range from about 380 nm (violet) to 780 nm (red). If an excited object emits light with wavelength of 15 nm, to which one of the following ranges does it belong ?

(a) X-ray

(b) Gamma ray

(c) Infrared

(d) Ultraviolet

146. Microwave oven consumes less power due to :

(a) small frequency of radiation

(b) short wavelength of radiation

(c) large frequency as well as wavelength of radiation

(d) small frequency as well as wavelength of radiation

147. The sun is constantly radiating energy and yet its surface temperature is nearly constant at 6000°C. The constancy of solar temperature is due to :

(a) fission

(b) radioactivity

(c) fusion

(d) black hole evaporation

148. An annular solar eclipse occurred during January 2010 with duration of annularity around 12 minutes. It is predicted that such long annular duration will not occur till the year 3043. Such prediction is possible due to :

(a) Einstein's theory of relativity

(b) Darwin's theory of natural selection

(c) Newton's theory of gravitation

(d) Hawking's theory of black hole

149. Internet communication uses optical fibre cables because of :

(a) low cost

(b) free from virus threat

(c) high data carrying capacity

(d) faster than light communication of signals

150. Metal pipes used to carry water sometimes burst in the winter. This is because :

(a) water expands when it freezes

(b) metal contracts more than water


(c) outside of the pipe contracts more than inside

(d) metal expands more than water



(Contd.)

144.




ऊपर दिए हुए चित्र में दिखाए अनुसार एक भारी गेंद लटकाई हुई है। निचले तन्तु में एक तेज झटका उस तन्तु को तोड़ देगा लेकिन निचले तन्तु को धीमे खींचने से ऊपर वाला तन्तु टूट जाएगा। पहला परिणाम क्यों होता है ?

(a) क्योंकि गेंद को हिलाने के लिए बल कम है

(b) क्योंकि हवा का घर्षण गेंद को रोके रखता है

(c) क्योंकि क्रिया और प्रतिक्रिया होती है

(d) क्योंकि गेंद में जड़त्व है

145. दृश्य प्रकाश का तरंगदैर्घ्य परास लगभग 380 nm (बैंगनी) से 780 nm (लाल) है। यदि एक उत्तेजित पिण्ड प्रकाश उत्सर्जन करता है जिसका तरंगदैर्घ्य 15 nm है तो वह निम्नलिखित में से किस एक परास का है ?

(a) एक्स-किरण

(b) गामा किरण

(c) अवरक्त

(d) पराबैंगनी

146. सूक्ष्मतरंग अवॅन, इसमें कम शक्ति खपत होने के कारण, बहुत लोकप्रिय हो गया है। इसका कारण है कि :

(a) विकिरण की आवृत्ति कम है

(b) विकिरण का तरंगदैर्घ्य छोटा है

(c) विकिरण की आवृत्ति और तरंगदैर्घ्य दोनों अधिक हैं

(d) विकिरण की आवृत्ति और तरंगदैर्घ्य दोनों कम हैं

147. सूर्य निरन्तर ऊर्जा का विकिरण करता है और तब भी उसके पृष्ठ का तापमान 6000°C पर लगभग स्थिर रहता है। सूर्य के तापमान की स्थिरता का कारण क्या है ?

(a) विखंडन

(b) विघटनाभिकता

(c) संलयन

(d) ब्लैक होल वाष्पन

148. जनवरी 2010 में लगभग 12 मिनट की वलयाकार अवधि का वलयाकार सूर्यग्रहण पड़ा था। यह आकलित किया गया है कि इतनी लंबी वलयाकार-अवधि वर्ष 3043 तक नहीं होगी। इतना सटीक भविष्य कथन किसके कारण संभव है ?

(a) आइन्स्टाइन का सापेक्षता सिद्धान्त

(b) डार्विन का प्राकृतिक वरणवाद

(c) न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त

(d) हॉकिंग्स का ब्लैक होल सिद्धान्त

149. इन्टरनेट संचार में प्रकाशीय तन्तु केबल का प्रयोग होता है, क्योंकि :

(a) उसकी लागत कम है

(b) उसमें वायरस की आशंका नहीं रहती

(c) उसकी उच्च दत्त वहन क्षमता होती है

(d) वह सिग्नल को प्रकाश की अपेक्षा अधिक तेजी से संचारित करता है

150. पानी को ले जाने वाले धातु पाइप कभी-कभी सर्दियों में फट जाते हैं। इसका कारण है कि :

(a) पानी जब जमता है तो वह फैलता है

(b) धातु पानी की अपेक्षा अधिक सिकुड़ता है

(c) पाइप का बाहरी हिस्सा अन्दरूनी हिस्से की अपेक्षा अधिक सिकुड़ता है

(d) धातु पानी की अपेक्षा अधिक फैलती है

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे कार्य के लिये

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **P–PFC–K–ICV**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

क्रम सं.

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता परीक्षण

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट*

*पूर्णांक : 600*

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग-A** और **भाग-B**। **भाग-B में प्रत्येक प्रश्नांश *हिन्दी* और *अंग्रेजी* दोनों में छपा है।** प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जायेगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए *कोई दण्ड नहीं* दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.